बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-550

06/12/2022

# मुख्यमंत्री ने भागलपुर एवं कटिहार जिले में गंगा नदी से हो रहे कटाव का किया हवाई सर्वेक्षण, कटिहार जिले के मनिहारी प्रखण्ड के बाघमारा ग्राम में कटाव का किया स्थल निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- जल संसाधन विभाग बाघमारा, मनिहारी में गंगा नदी के कटाव का डिटेल सर्वे कराये।

- जल संसाधन विभाग की एक्सपर्ट टीम तीन दिनों के अंदर कटावग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति की जॉच करे तथा बचाव हेतु कार्य करे।

- जल संसाधन विभाग के सचिव कल उच्चस्तरीय तकनीकी टीम के साथ कटिहार का दौरा कर कटाव को रोकने के लिये रोडमैप तैयार करायें।

- महानंदा नदी के बांध हेतु भू–अर्जन कार्य में तेजी लायें।

पटना, 06 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज भागलपुर एवं कटिहार जिले में गंगा नदी से हो रहे कटावग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण के दौरान भागलपुर जिले के सबौर प्रखण्ड के इंगलिश फरका, रंगरा चौक प्रखण्ड के झालूदास ज्ञानीदास टोला, जहांगीरपुर बायसी तथा कटिहार जिले के अमदाबाद प्रखण्ड के झाबू टोला एवं मनिहारी प्रखण्ड के बाघमारा गॉव का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कटिहार जिला अन्तर्गत अमदाबाद से कुर्सेला तक हो रहे कटाव की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वेक्षण के दौरान कटिहार जिले के मनिहारी प्रखण्ड के बाघमारा में हेलीपैड पर उतरे। उसके पश्चात् बाघमारा ग्राम में गंगा नदी से हो रहे कटाव का स्थल

निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री को जल संसाधन विभाग के अभियंताओं ने ड्रोन के माध्यम से लिये गये तस्वीर के आधार पर कटाव की वास्तविक स्थिति की जानकारी दी। स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने वहाँ के स्थानीय लोगों और अधिकारियों से कटाव के कारणों और क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने बाघमारा में स्थल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाघमारा में गंगा नदी के कटाव को रोकने के लिये सभी आवश्यक कार्रवाई करें। जल संसाधन विभाग बाघमारा, मनिहारी में गंगा नदी के कटाव का डिटेल सर्वे कराये। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग की एक्सपर्ट टीम तीन दिनों के अंदर कटावग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति की जॉच करे तथा बचाव हेतु कार्य करे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जल संसाधन विभाग के सचिव कल उच्चस्तरीय तकनीकी टीम के साथ कटिहार का दौरा कर कटाव को रोकने के लिये रोडमैप तैयार करायें। मुख्यमंत्री ने कटावग्रस्त क्षेत्र में सोल कटिंग कराने के साथ–साथ पुरानी धार की सफाई कराने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने महानंदा नदी के बांध के लिये तेजी से कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रमण्डलीय आयुक्त, पूर्णिया को भू–अर्जन कार्य में तेजी लाने का भी निर्देश दिया।

हवाई सर्वेक्षण एवं स्थल निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार एवं जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

******